# आरोग्य पथ

## मासिक ई-पत्रिका

आज़ादी का अमृत महोत्सव

वर्ष-2, अंक-07 जुलाई, 2023


## लोकपर्व पौधारोपण

"विकास के नित नए पायदान पर पहुंचती दुनिया के सामने पर्यावरण को संतुलित रखना बड़ी चुनौती है। उपभोगवादी संस्कृति में जीवनोपयोगी तकनीक के प्रयोग से आज एक तरफ जहां मानव ने अपने भौतिक सुख-सुविधाओं का असीमित दायरा खड़ा किया है, वहीं दूसरी तरफ प्रकृति के असंतुलन ने मानव जीवन की इन सुख-सुविधाओं पर ग्रहण भी लगाया है। इस दिशा में दुनिया में किए जा रहे प्रयत्नों के साथ एक महत्वपूर्ण प्रयास धरती पर पौधों का रोपण है।

विगत 22 जुलाई, 2023 को माननीय मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी महाराज के आह्वान के फलस्वरूप एक दिन में 30 करोड़ से अधिक पौधे रोप कर प्रदेश ने नया कीर्तिमान स्थापित किया। माननीय मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी महाराज ने बिजनौर एवं मुजफ्फरनगर में गंगा किनारे पौधरोपण कर इस महाभियान का शुभारंभ किया। शाम 5 बजे तक प्रदेश में 30,21,51,570 पौधे रोपित किए गए।

धरती पर पेड़-पौधों को बढ़ाने का प्रयत्न हम सभी भारतीय कर रहें है। उत्तर प्रदेश सरकार इस दिशा में अत्यंत संवेदनशील है। उत्तर प्रदेश की पूरी धरती को हरा-भरा करने के इस महायज्ञ का नेतृत्व सीधे उत्तर प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ महाराज जी कर रहें हैं। उन्होंने पौधारोपण अभियान को ''लोकपर्व'' की संज्ञा दी है।

महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर में पौधरोपण महाभियान का शुभारंभ माननीय कुलपति मेजर जनरल (डॉ.) अतुल वाजपेई जी की अध्यक्षता में सम्मानित मुख्य अतिथि डॉ. शनमुगा सुंदरम एम. के. प्रमुख सचिव, व्यावसायिक शिक्षा ने किया। इस अवसर पर श्री विकास यादव (डी. एफ. ओ.), डॉ. हरेंद्र सिंह (एसडीओ) श्री डी. के. चौरसिया (वन क्षेत्रपाल) उपस्थित रहें। विश्वविद्यालय में कुल 7,056 पौधे रोपित किए गए। इस सत्र में विश्वविद्यालय लगभग 11 हजार पौधरोपण करने का लक्ष्य लेकर कार्य कर रहा है। आइए हम सभी इस संकल्प को पूर्ण करने में अपनी सहभागिता दर्ज करें।"

वन्दे मातरम्!!

-सम्पादक

## संदेश

"कल से नया सत्र शुरू हो रहा है। नवप्रवेशित विद्यार्थियों का हम अपने परिसर में स्वागत करें। विश्वविद्यालय में अध्ययनरत सभी विद्यार्थी विश्वविद्यालय परिसर में इस सत्र से जुड़ने वाले अपने नवागत परिवार के सदस्यों से भाई-बहन या मित्र की भांति जुड़ें। उन्हें यह एहसास ही ना हो कि वे कहीं नए शिक्षा परिसर में अथवा किसी नई जगह आएं हैं। भारतीय ज्ञान-परम्परा के इस पावन मंदिर में हम भारतीय संस्कृति के अनुरूप जीवन मूल्य को विकसित करने के जारी प्रयत्न में नए विद्यार्थियों को हमराही बनाएं।

सभी संस्थागत शिक्षक एवं कर्मचारी महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर में नवागन्तुक छात्र-छात्राओं को अपनापन दें। उनके साथ ''अपनों'' जैसा व्यवहार करें, उनकी कठिनाईयों को आगे बढ़कर हल करें एवं उन्हें विश्वविद्यालय परिसर की संस्कृति का हिस्सा बनने में सहयोग करें। अगस्त माह हमारे विश्वविद्यालय परिसर में सम्मिलित हो रहे नए सदस्यों को अपने साथ जोड़ने एवं समाहित करने का माह है।

नए सत्र को हम पिछले सत्र से बेहतर बनाने के लिए अनवरत प्रयत्न कर रहें है। कॉलेज/विभाग, संस्थाध्यक्ष, शिक्षक अपनी पिछली वार्षिक योजना के अनुभव के आधार पर उससे बेहतर कुछ कदम ही सही आगे की ओर बढ़ते हुए इस सत्र की बनाई गई वार्षिक योजना को शत-प्रतिशत लागू करने एवं प्राप्त हो रहे अनुभवों से अगले सत्र के लिए संशोधन के साथ समृद्ध करते रहने के अहर्निश प्रयास के हमराही बनें।

महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर हम सबकी तपस्यास्थली एवं कर्मभूमि है। विश्वविद्यालय का कार्य ईश्वरीय कार्य है। हम सब अपने इस पावन देवभूमि पर एक-एक क्षण का उपयोग करें। स्पष्ट दृष्टि के साथ लोककल्याणार्थ अभियान के हमसफर बन सभी पुण्य कार्य के अंशी हैं, इसी आग्रह के साथ आपका अपना...

31.07.2023

(मेजर जनरल (डॉ.) अतुल वाजपेई)
कुलपति"


**प्रकाशक : महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर**

आरोग्य धाम, बालापार रोड, सोनबरसा, गोरखपुर, 273007

## संगोष्ठी : विश्व डॉक्टर दिवस (आयुर्वेद कॉलेज)



दिनांकः 01 जुलाई, 2023 को महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर के अंतर्गत संचालित गुरू गोरक्षनाथ इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस (आयुर्वेद कॉलेज) में सभी शिक्षकों, चिकित्सकों के बीच कार्यवाहक प्राचार्य डॉ नवीन के नेतृत्व में संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

संगोष्ठी मे परामर्श चिकित्सक बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. नीरज ने सभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि मैं सबसे पहले देश के सभी डॉक्टरों को **'डॉक्टर दिवस'** की शुभकामनाएं देता हूँ। वे बिना रुके, बिना थके, जिस निःस्वार्थ भाव से लोगों की सेवा कर रहे हैं, इसके लिए डॉक्टर के पेशे और समर्पण को सलाम करता हूँ। प्रसिद्ध चिकित्सक और पश्चिम बंगाल के दूसरे मुख्यमंत्री डॉ. बिधान चंद्र रॉय के सम्मान में पूरे भारत में 1 जुलाई को डॉक्टर दिवस मनाया जाता है। उन्हें देश के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार 'भारत रत्न' से सम्मानित किया गया था।

कोविड के प्रकोप के दौरान, चिकित्सा डॉक्टरों और कर्मचारियों ने 24X7 काम किया। अपने जीवन के साथ–साथ अपने परिवार के जीवन को भी खतरे में डालकर कई लोगों की जान बचाने का प्रयास किया। अपने बारे में सोचने के बजाय उन्होंने देश को पहले रखा और भारत को बचाने का फैसला किया। यह दिन देश की प्रगति में डॉक्टरों की भूमिका को स्वीकार करने के लिए ही मनाया जाता है। सभी चिकित्सकों की उच्च भावनाएं समर्पण और प्रेम को साधुवाद कि वे संकट की घड़ी में भी काम करते रहे है।

कार्यक्रम में सभा को सम्बोधित करते हुए कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. नवीन ने कहा कि डॉक्टर समाज के लिए बहुत महत्वपूर्ण सदस्य हैं। वे वास्तव में बीमारी और खराब स्वास्थ्य के सामने एकमात्र रक्षक हैं। समाज को बीमारियों और दुखों से मुक्त रखने में उनके प्रयास को स्वीकार किया जाना चाहिए। सदियों से डॉक्टरों ने अपनी क्षमताओं में समाज की सेवा की है और इसे स्वस्थ और खुश रखने में मदद की है। राष्ट्रीय डॉक्टर दिवस उन डॉक्टरों को धन्यवाद देने का दिन है।

## अंतराष्ट्रीय वन महोत्सव सप्ताह (एनएसएस)





दिनांकः 01 जुलाई, 2023 को महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में **'वन महोत्सव सप्ताह'** का शुभारम्भ गुरु श्री गोरक्षनाथ इंस्टिट्यूट ऑफ़ मेडिकल साइंसेस (आयुर्वेद कॉलेज) के कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. नवीन कुमार के. एवं कृषि विज्ञानं एवं सम्बद्ध उद्योग संकाय के अधिष्ठाता, डॉ. विमल दुबे के द्वारा सरस्वती पूजन एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम समन्वयक डॉ. अखिलेश कुमार दूबे ने वन महोत्सव की उत्पत्ति से सभी को अवगत कराते हुए कहा कि यूँ तो हम बहुत से त्यौहार मनाते हैं लेकिन जब बात आती है पृथ्वी को बचाने तो ऐसे त्योहारों की संख्या बहुत कम है। वन महोत्सव एक बहुत ही महत्वपूर्ण त्योहारों में से एक है, इसे जीवन का त्योहार कहना ना गलत होगा क्योंकि ये ना केवल मानव के लिये बल्कि पूरें पृथ्वी के लिये भी बहुत जरुरी है। इसके उपरांत स्वंयसेवक सुश्री अंजली ने सभी को वनों के संरक्षण एवं वृद्धि हेतु शपथ दिलाया।

कार्यक्रम समाप्ति पर श्री साध्वीनन्द पाण्डेय ने सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया। इस दौरान डॉ. विनम्र शर्मा, डॉ. प्रज्ञा सिंह, डॉ. पवन कन्नौजिया, डॉ. हरिकृष्ण, डॉ.विकाश यादव, डॉ. आयुष पाठक, डॉ. अनुपमा ओझा, श्रीमती प्रज्ञा पाण्डेय, सुश्री प्रियांशी, सुश्री प्रभा, सुश्री सृष्टि यदुवंशी एवं समस्त विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## तृतीय आवधिक परीक्षा : बीएएमएस 2022-23 (आयुर्वेद कॉलेज)



दिनांकः **01 जुलाई, 2023** को महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर के अंतर्गत संचालित गुरू गोरक्षनाथ इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (आयुर्वेद कॉलेज) में बीएएमएस 2022–23 सत्र मे संहिता एवं सिद्धांत विभाग द्वारा तृतीय आवधिक परीक्षा करायी गयी। इस परीक्षा का मूल्यांकन एनसीआईसीएम में निर्देशित विभिन्न स्तर में सेमिनार विषय प्रस्तुतिकरण को अपनाया गया। परीक्षा में सभी विद्यार्थियों द्वारा दिए गए टॉपिक पर पीपीटी के माध्यम से प्रस्तुतिकरण दिया गया। यह परीक्षा 26 जून, 2023 से 5 जुलाई, 2023 तक चलेगी। प्रेजेंटेशन मे विद्यार्थियों का मूल्यांकन विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. शान्ति भूषन, सह आचार्य डॉ. सुमित, सहायक आचार्य डॉ. प्रज्ञा एवं बाह्य परीक्षक के रूप में रोग निदान विभाग के सहायक अचार्य डॉ. सार्वभौम कर रहे हैं।

## स्वच्छता अभियान (महिला छात्रावास)

दिनांकः **02 जुलाई, 2023** को महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर के अंतर्गत संचालित माँ पाटेश्वरी सेवाश्रम (महिला छात्रावास) में राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वाधान में स्वैच्छिक श्रमदान के माध्यम से सफाई एवं स्वच्छता का कार्य किया गया। इस कार्यक्रम में सभी छात्रावासी छात्राओं ने पूर्ण मनोयोग के साथ प्रतिभाग कर छात्रावास परिसर की सफाई का कार्य किया। उसके उपरान्त विश्वविद्यालय प्रशासन के सहयोग से परिसर में कीटनाशक दवाओं का छिड़काव कराया गया।



## पौधरोपण कार्यक्रम





दिनांकः **04 जुलाई, 2023** को वन महोत्सव एवं पर्यावरण जागरूकता अवसर पर महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर में विश्वविद्यालय एवं वन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में पौधारोपण किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति मेजर जनरल (डॉ.) अतुल वाजपेयी एवं वन विभाग से श्री विकास यादव, प्रभागीय वनाधिकारी द्वारा किया गया। विश्वविद्यालय की ओर से कुलसचिव डॉ. प्रदीप कुमार राव, श्री अश्वनी व अन्य अधिकारी व् कर्मचारी तथा वन विभाग की ओर से डॉ. हरेन्द्र सिंह, उप प्रभागीय वनाधिकारी, दिनेश कुमार चौरसिया, प्रभारी क्षेत्रीय वनाधिकारी, नरेन्द्र कुमार वन रक्षक, राज कुमार माली, बीरबल माली, सुरेन्द्र कुमार उपस्थित रहें। विश्वविद्यालय में 5500 पौधारोपण का लक्ष्य रखा गया हैं पौधे वन विभाग द्वारा विश्वविद्यालय को उपलब्ध कराया गया है।

## प्रायोगिक परीक्षा : सम्बद्ध स्वास्थ्य विज्ञान संकाय



दिनांकः 03 से 08 जुलाई, 2023 तक महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर के अंतर्गत संचालित सम्बद्ध स्वास्थ्य विज्ञान संकाय में बी. एस.सी. बॉयोटेक्नोलॉजी, बी. एस.सी., मेडिकल माइक्रो बॉयोलॉजी, बी.एस.सी. मेडिकल बॉयोकेमिस्ट्री, एम. एस.सी. बॉयोटेक्नोलॉजी, एमएम.सी. मेडिकल माइक्रो बॉयोलॉजी, एम.एस.सी. मेडिकल बॉयोकेमिस्ट्री प्रथम वर्ष, द्वितीय सेमेस्टर के विद्यार्थियों के लिए वार्षिक प्रयोगात्मक एवं मौखिक परीक्षा का आयोजन किया गया।

जिसमें वाह्य परीक्षक के रूप में प्रो. राजकुमार यादव, डॉ. योगेन्द्र सिंह, बी.आर.डी. मेडिकल कॉलेज, गोरखपुर, प्रो. शरद कुमार मिश्र, प्रो. (डॉ.) दिनेश यादव जैव प्रौद्योगिकी विभाग, दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय गोरखपुर, डॉ. अमनप्रीत कौर, डॉ. शैलेन्द्र द्विवेदी, एम्स गोरखपुर, डॉ. कृष्ण कुमार मिश्रा, आयुष मेडिकल कॉलेज, लखनऊ तथा आन्तरिक परीक्षक के रूप में सम्बद्ध स्वास्थ्य विज्ञान संकाय के अधिष्ठाता प्रो. (डॉ.) सुनील कुमार सिंह, सहायक आचार्य डॉ. अनुपमा ओझा, डॉ. पवन कुमार कन्नौजिया, सुश्री अपूर्वा आनंद सिंह, श्री अनिल कुमार मिश्रा, श्री धनंजय पाण्डेय, डॉ. अमित कुमार दुबे, सुश्री प्रियांशी, श्रीमती प्रज्ञा पाण्डेय, सुश्री सृष्टि यदुवंशी रहीं।

परीक्षा में वाह्य परीक्षकों व आंतरिक परीक्षकों द्वारा विद्यार्थियों से उनके पाठ्यक्रम से सम्बंधित कई प्रश्न पूछे गए। इस परीक्षा में स्नातकोत्तर के विद्यार्थियों ने पॉवरपॉइंट के माध्यम से प्रस्तुतीकरण भी दी।



## प्रायोगिक परीक्षा :कृषि एवं सम्बद्ध उद्योग संकाय

दिनांकः 03 से 07 जुलाई, 2023 तक महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर के अंतर्गत संचालित कृषि एवं सम्बद्ध उद्योग संकाय में द्वितीय सेमेस्टर (प्रथम वर्ष) के विद्यार्थियों के लिए सम–सेमेस्टर की प्रयोगात्मक परीक्षा का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने लिखित, मौखिक एवं पावरप्वाइंट प्रस्तुति के माध्यम से परीक्षा दी।

जिसमें परीक्षक के रूप में डॉ. संदीप प्रकाश उपाध्याय, कृषि विज्ञान केंद्र, गोरखपुर, कृषि एवं सम्बद्ध उद्योग संकाय के अधिष्ठाता डॉ. विमल कुमार दुबे, सहायक आचार्य डॉ. कुलदीप सिंह, डॉ. विकास कुमार यादव, डॉ. हरिकृष्ण एवं डॉ. आयुष कुमार पाठक रहें।

## आयोजन : नुक्कड़ नाटक (नर्सिंग कॉलेज)

दिनांकः 04 जुलाई, 2023 महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर मे राष्ट्रीय सेवा योजना के अन्तर्गत संचालित गुरु श्री गोरक्षनाथ कॉलेज ऑफ नर्सिंग में वन महोत्सव सप्ताह के अंतर्गत छात्रों ने वृक्षारोपण का महत्व के ऊपर नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया।

इस नाटक के माध्यम से विद्यार्थियों ने जनसमूह को वन का महत्व बताते हुए उन्हे पौधरोपण करने के लिए प्रेरित किया। नाटक प्रतियोगिता का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी सुश्री खुशबू जी के दिशानिर्देश पर किया गया।

## वाद-विवाद प्रतियोगिता (पैरामेडिकल कॉलेज)



दिनांकः 06 जुलाई, 2023 महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर के अन्तर्गत संचालित महंत अवेद्यनाथ पैरामेडिकल कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में वन महोत्सव सप्ताह के अंतर्गत वृक्षारोपण का महत्व के ऊपर वाद–विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने अपने–अपने विचारों को प्रकट करते हुए वृक्षारोपण करने के फायदे के बारे में आपस में साझा किया। प्रतियोगिता का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी सुश्री खुशबू जी के दिशानिर्देशों पर किया गया।

## चित्रकला प्रतियोगिता (एनएसएस)





दिनांकः 06 जुलाई, 2023 महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर के अन्तर्गत संचालित महंत अवेद्यनाथ पैरामेडिकल कॉलेज में वन महोत्सव सप्ताह के अंतर्गत में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान छात्राओ के बीच चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें छात्राओं ने उन्मुलन वृक्षारोपण एवं उसके संरक्षण पर चित्रकला प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया । प्रतियोगिता का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी सुश्री अमृता के दिशा–निर्देशों पर किया गया।

## बोर्ड ऑफ स्टडीज : बैठक (सम्बद्ध स्वास्थ्य विज्ञान संकाय)




दिनांकः 17 – 19 जुलाई, 2023 महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित सम्बद्ध स्वास्थ्य विज्ञान संकाय में अधिष्ठाता प्रो. (डॉ.) सुनील कुमार सिंह की अध्यक्षता में अध्ययन बोर्ड बैठक (बोर्ड ऑफ स्टडीज) आयोजित की गई। इस अध्ययन बैठक में 2023–2024 नवीन सत्र पाठ्यक्रम का निर्धारण NEP 2020 के दिशा–निर्देश के तहत किया गया, जिसमें 4 वर्षीय स्नातक (बीएससी बायोटेक्नोलॉजी, बीएससी मेडिकल बायोकेमिस्ट्री, बीएससी मेडिकल माइक्रो बायोलॉजी पाठ्यक्रम की मंजूरी विषय विशेषज्ञों द्वारा दी गई।

इस बैठक में पीएचडी बॉयोटेक्नोलॉजी एवं पीएचडी मेडिकल बॉयोकेमिस्ट्री के पाठ्यक्रम पर भी विवेचना की गई जिसमें पहले से चल रही पाठ्यक्रम को बिना किसी बदलाव के चलाने का दिशा–निर्देश दिए गए।

बैठक में बीआरडी मेडिकल कॉलेज के बॉयोकेमिस्ट्री के विशेषज्ञ डॉ. राजकुमार, आरएमआरसी, आईसीएमआर के माइक्रोबॉयोलॉजी के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. गौरव राज एवं गोरखपुर विश्वविद्यालय के बॉयोटेक्नोलॉजी विभाग के प्रो. दिनेश यादव तथा संबद्ध स्वास्थ्य विज्ञान संकाय के समस्त शिक्षकगण उपस्थित रहें।

# राष्ट्रीय चिकित्सा प्रयोगशाला विशेषज्ञ सप्ताह






दिनांकः 17 जुलाई, 2023 महायोगी गोरक्षनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर के अंतर्गत संचालित मंहत अवैद्यनाथ पैरामेडिकल कॉलेज में 'राष्ट्रीय चिकित्सा प्रयोगशाला विशेषज्ञ सप्ताह' का आयोजन किया गया। यह सप्ताह 17 से 23 जुलाई तक मनाया जाएगा। इसी क्रम में इस आयोजन के प्रथम दिवस पर द्वीप–प्रज्ज्वलन तथा पौधारोपण कर इस कार्यक्रम का प्रारम्भ किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति मेजर जनरल (डॉ.) अतुल वाजपेई, डॉ. जी. एन. सिंह, सलाहकार, माननीय मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश, कुलसचिव, डॉ. प्रदीप कुमार राव व नर्सिंग कॉलेज की प्राचार्या डॉ. डी.एस. अजीथा द्वारा किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता मंहत अवैद्यनाथ पैरामेडिकल कॉलेज के विभागाध्यक्ष श्री रोहित कुमार श्रीवास्तव के द्वारा की गयी।

इस कार्यक्रम में सभी पैरामेडिकल के छात्र एवं छात्राओं के पूर्ण मनोयोग के साथ प्रतिभाग कर पौधारोपण किया।

इस पूरे कार्यक्रम को सफल बनाने में श्री कुंवर अभिनव प्रताप सिंह राठौड़, सुश्री सुप्रिया गुप्ता, श्री शुभम कुमार मौर्य व श्री सागर गुप्ता का महत्वपूर्ण योगदान रहा।



# पोस्टर प्रस्तुति (पैरामेडिकल कॉलेज)

दिनांकः 18 जुलाई, 2023 महायोगी गोरक्षनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर के अंतर्गत संचालित मंहत अवैद्यनाथ पैरामेडिकल कॉलेज में 'राष्ट्रीय चिकित्सा प्रयोगशाला विशेषज्ञ सप्ताह' का आयोजन किया गया। यह सप्ताह 17 से 23 जुलाई तक मनाया जाएगा। इसी क्रम में इस आयोजन के द्वितीय दिवस पर पोस्टर प्रस्तुति का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंहत अवैद्यनाथ पैरामेडिकल कॉलेज के विभागाध्यक्ष श्री रोहित कुमार श्रीवास्तव के द्वारा की गयी। इस कार्यक्रम में सभी पैरामेडिकल के छात्र एवम् छात्राओ के पूर्ण मनोयोग के साथ प्रतिभाग कर पोस्टर प्रस्तुति किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में श्री कुंवर अभिनव प्रताप सिंह राठौड़, सुश्री सुप्रिया गुप्ता, श्री शुभम कुमार मौर्य व श्री सागर गुप्ता का महत्वपूर्ण योगदान रहा।



## कृषक -कृषि विशेषज्ञ संवाद (कृषि विज्ञान एवं संबद्ध उद्योग संकाय)



दिनांकः 18 जुलाई, 2023 महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय के अन्तर्गत संचालित कृषि विज्ञान एवं संबद्ध उद्योग संकाय के द्वारा धान की खेती समस्याएं एवं समाधान विषय पर 'कृषक –कृषि विशेषज्ञ संवाद' का सफल आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में अध्यक्षीय उद्बोधन में माननीय कुलपति मेजर जनरल (डॉ.) अतुल वाजपेयी ने कृषकों का आभार व्यक्त करते हुये उन्हे भविष्य में भी इस तरह के आयोजित कार्यक्रम से लाभान्वित होने के लिये कहा। अपने संवाद के दौरान माननीय कुलपति महोदय ने इस बात को इंगित किया कि कृषि विज्ञान विभाग की संचालन की परिकल्पना इस क्षेत्र के कृषि एवं किसानों के उत्थान में निहित है।

इस आयोजन में विशिष्ट अतिथि डॉ. ए. के. सिंह माननीय कुलपति, महायोगी गोरखनाथ आयुष विश्वविद्यालय ने अपने उद्बोधन में कृषकों से पारम्परिक खेती के अतिरिक्त सगंध और औषधीय पौधों के खेती के लिए प्रोत्साहित किया।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप मेंतीर्थाकंर विश्वविद्यालय, मुरादाबाद के कृषि विभाग के सह आचार्य डॉ. सच्चिदानन्द सिंह ने धान के फसल में पोषक तत्वों के प्रबन्धन का महत्व एवं जैविक विधि से बनने वाले खाद के बारे में विस्तृत से बताया।

इसी क्रम में कृषि विज्ञान संकाय के सह आचार्य डॉ. विकास कुमार यादव ने धान में लगने वाले प्रमुख रोग एवं उनके प्रबन्धन, डॉ. हरी कृष्ण ने धान में लगने वाले प्रमुख कीटों एवं उनके प्रबन्धन तथा डॉ. आयुष कुमार पाठक ने धान एवं कृषि से सम्बन्धित विभिन्न सरकारी योजनाओं एवं चावल से बनने वाले प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों के लाभ को वर्णित किया।

इस अवसर पर बालापार, सोनबरसा, बैजनाथपुर और सिक्टौर के कृषकों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया तथा कृषि एवं धान से सम्बन्धित अपने–अपने विचारों को व्यक्त किया और कृषि विशेषज्ञों से विस्तृत चर्चा की। कार्यक्रम का मंच संचालन कृषि विज्ञान की छात्रा खुशी गुप्ता एवं रितिका द्विवेदी ने किया। अन्ततः डॉ कुलदीप सिंह ने सबको धन्यवाद ज्ञापित किया।

कार्यक्रम का संचालन कृषि विज्ञान संकाय के अधिष्ठाता डॉ. विमल कुमार दूबे के कुशल नेतृत्व में सम्पन्न हुआ। इस कार्यक्रम में कृषि विज्ञान विभाग के समस्त छात्र–छात्राओं ने अपनी सहभागिता दी।

## बोर्ड ऑफ स्टडीज : बैठक (सम्बद्ध स्वास्थ्य विज्ञान संकाय)



दिनांकः 20 जुलाई, 2023 महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित सम्बद्ध स्वास्थ्य विज्ञान संकाय में अधिष्ठाता प्रो. (डॉ.) सुनील कुमार सिंह की अध्यक्षता में संकाय परिषद की बैठक 'बोर्ड ऑफ फैकल्टी' आयोजित की गई।

इस बैठक में अध्ययन परिषद में स्नातक तथा परास्नातक पाठयक्रम को संशोधन उपरांत संस्तुति कर स्वीकृत प्रदान करते हुए उसको सफल क्रियान्वन हेतु निर्देशित किया गया। इस बैठक में पाठयक्रम एवं विषय से संबंधित महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विषय विशेषज्ञ प्रो. (डॉ.) दिनेश राज मोदी, जैव प्रौद्योगिकी विभाग, बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय, लखनऊ, प्रो. (डॉ.) दिनेश यादव, जैव प्रौद्योगिकी विभाग, दीन दयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय द्वारा अभिचर्चा की गई।

## विशिष्ट व्याख्यान (पैरामेडिकल कॉलेज)



दिनांकः 21 जुलाई, 2023 महायोगी गोरक्षनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर के अंतर्गत संचालित मंहत अवैद्यनाथ पैरामेडिकल कॉलेज में 'राष्ट्रीय चिकित्सा प्रयोगशाला विशेषज्ञ सप्ताह' के तहत विशेषज्ञ व्याख्यान का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में श्री रंजीत कुमार गुप्ता, प्रबंधक, पैथवर्ड डायग्नोस्टिक प्राइवेट लिमिटेड जी ने विशेषज्ञ के रूप में व्याख्यान प्रस्तुत किया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता पैरामेडिकल विभाग के विभागाध्यक्ष श्री रोहित कुमार श्रीवास्तव जी ने की।

इस पूरे कार्यक्रम को सफल बनाने में श्री कुंवर अभिनव प्रताप सिंह राठौड़, सुश्री सुप्रिया गुप्ता, श्री शुभम कुमार मौर्य व श्री सागर गुप्ता का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## श्रद्धांजलि

दिनांकः 21 जुलाई, 2023 महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर के कुलपति मेजर जनरल डॉ. अतुल वाजपेई जी ने विश्वविद्यालय परिवार की ओर से तथा महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद की ओर से अपराह्न 1.30 बजे गोरखपुर एयर फोर्स स्टेशन पर सियाचिन सीमा पर मातृभूमि रक्षार्थ हृदय विदारक दुर्घटना में वीरगति को प्राप्त हुए देवरिया के लाल, अमर शहीद कैप्टन अंशुमान सिंह जी के पार्थिव शरीर पर पुष्पअर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई।

विश्वविद्यालय के कुलपति मेजर जनरल डॉ. अतुल वाजपेई ने रोते–बिलखते परिवार को ढांढस बंधाया तथा कहा कि दुख की इस घड़ी में उत्तर प्रदेश सहित पूरा देश उनके साथ है।

डॉ. वाजपेई जी ने परिवार के सदस्यों को भरोसा दिलाया कि आवश्यकता पड़ने पर विश्वविद्यालय प्रशासन उनको हर सम्भव सहयोग हेतु तैयार रहेगा।

## विभागीय बैठक : सम्बद्ध स्वास्थ्य विज्ञान संकाय

दिनांकः 22 जुलाई, 2023 महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित सम्बद्ध स्वास्थ्य विज्ञान संकाय में अधिष्ठाता प्रो. (डॉ.) सुनील कुमार सिंह की अध्यक्षता में विभागीय बैठक आयोजित की गई। जिसमें सत्र–2023–2024 में नवप्रवेशित विद्यार्थियों हेतु "दीक्षारंभ" कार्यक्रम जो 01.08.2023 से 08.08.2023 तक सक्रीय रूप से आयोजित होना सुनिश्चित हुआ है। इस कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के संदर्भ में दिशा–निर्देश दिए गए।

इस बैठक में माननीय अधिष्ठाता महोदय द्वारा 'दीक्षारंभ' कार्यक्रम में नवप्रवेशित विद्यार्थियों को विश्वविद्यालयी अनुशासन कि शपथ दिलाने तथा इस कार्यक्रम में आने वाले विशिष्ट अतिथियों के आगमन हेतु आमंत्रण पत्र भेजने, नवप्रवेशित विद्यार्थियों के पठन–पाठन के लिए कक्ष निर्धारण करने व स्नातक प्रथम वर्ष में अध्ययनरत विद्यार्थियों को आगामी सत्र में पंजीकरण कर प्रवेश हेतु सूचना के माध्यम से सूचित किया जाये। इसी क्रम में उन्होंने नवप्रवेशित विद्यार्थियों हेतु विषय–सारणी एवं समय–सारणी बनाने जिसमें प्रत्येक शनिवार को आरोग्य ग्राम अभियान/NSS/NCC/खेल सम्बन्धी गतिविधियों को सम्मिलित करने को आदेशित किया।

## पौधरोपण कार्यक्रम :कृषि विज्ञान एवं सम्बद्ध उद्योग संकाय

दिनांकः 22 जुलाई, 2023 महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय के अन्तर्गत संचालित कृषि विज्ञान एवं संबद्ध उद्योग संकाय के विद्यार्थीयों ने माननीय मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी के आहवान पर वृहद पौधरोपण कार्यक्रम के अवसर पर विश्वविद्यालय परिक्षेत्र में आम के पौधे लगाकर इस जन आन्दोलन में अपनी सहभागिता दी और भविष्य में इन रोपित पौधों की देखभाल की शपथ ली। इस कार्यक्रम में कृषि विज्ञान संकाय के समस्त प्रध्यापक उपस्थित रहें।



## पौधरोपण कार्यक्रम :गुरू श्री गोरक्षनाथ कॉलेज ऑफ नर्सिंग




दिनांकः **22 जुलाई, 2023** महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर के अन्तर्गत संचालित गुरु श्री गोरक्षनाथ कॉलेज ऑफ नर्सिंग में वृक्षारोपण अभियान के अन्तर्गत 'एक व्यक्ति–एक वृक्ष' स्लोगन के साथ वृक्षारोपण संपन्न हुआ कार्यक्रम के दौरान प्रो. नानक चंद्र सुमन (एसोसिएट प्रोफेसर) गवरमेंट कॉलेज ऑफ नर्सिंग बीआरडी, मेडिकल कॉलेज।डॉ. डी.एस. अजीथा , प्रिंसिपल ऑफ गुरु श्री गोरक्षनाथ कॉलेज ऑफ नर्सिंग के नेतृत्व मे आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मिस आरोही, मिस अमीरता, मिस सोनी, मिसेस निधि, मिस दीक्षा, मिस रोजी, मिसेस लिगो शिन्सी, मिस सोसन दान, मिस आराधना, मिस्टर प्रभू उपस्थित रहे। कार्यक्रम कोऑर्डिनेटर मिस आराधना यादव द्वारा संपन किया गया।

## माननीय मुख्यमंत्री संदेश वाचन



दिनांकः **22 जुलाई, 2023** महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय के अन्तर्गत संचालित कृषि विज्ञान एवं संबद्ध उद्योग संकाय, सम्बद्ध स्वास्थ्य संकाय तथा गुरू गोरक्षनाथ इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस (आयुर्वेद कॉलेज) के सम्मलित प्रार्थना सभा के दौरान माननीय मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी के आहवान पर वृहद पौधरोपण कार्यक्रम के अवसर पर उनके सन्देश को अधिष्ठाता, कृषि विज्ञान एवं संबद्ध उद्योग संकाय डॉ. विमल कुमार दूबे द्वारा सभी उपस्थित प्राध्यापकों एवं विद्यार्थियों के सामने वाचन किया गया एवं उनके द्वारा वर्तमान में पर्यावरणीय परिवर्तन के परिपेक्ष्य में पौधरोपण की जरूरत एवं उसके महत्व को प्रस्तुत किया गया।

कार्यक्रम के दौरान आयुर्वेद कॉलेज के प्राचार्य डॉ. मन्जूनाथ एन एस, सम्बद्ध स्वास्थ संकाय, कृषि विज्ञान संकाय एवं आयुर्वेद कॉलेज के समस्त प्राध्यापक उपस्थित रहें।

## विश्वविद्यालय 'नंदन वन' : पौधरोपण कार्यक्रम

दिनांकः **22 जुलाई, 2023** को उत्तर प्रदेश में हरियाली का दायरा बढ़ाने के उद्देश्य से 35 करोड़ पौधे लगाने के लक्ष्य के साथ प्रदेश सरकार द्वारा शुरू किए गए अभियान के तहत शनिवार को महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय में स्थिति **'नंदन वन'** में पौधरोपण किया गया।

जिसमें बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे प्रमुख सचिव शनमुगा सुंदरम विश्वविद्यालय की व्यवस्था से अभिभूत दिखे। उन्होंने विजिटर रजिस्टर में विश्वविद्यालय को लेकर अपनी भावनाएं कुछ यूं दर्ज कीं।

प्रमुख सचिव ने लिखा, 'इस प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय के पौधरोपण कार्यक्रम में हिस्सा लेना मेरा सौभाग्य है। यह कार्यक्रम प्रदेश में 30 करोड़ पौधरोपण के राज्य सरकार के महात्वाकांक्षी अभियान का हिस्साहै। विश्वविद्यालय में **'नंदन वन'** की अपनी तरह की एक अनूठी हरी छतरी के रूप में विकसित होने के लिए मैं अपनी शुभकामनाएं देता हूं। इस तथ्य को देखते हुए कि एक **'नंदन वन'** एक आयुष वैन व वेटलैंड जल्द ही आने वाले हैं, मुझे यकीन है विश्वविद्यालय कैंपस जल्द ही एक हरित परिसर



के रूप में विकसित होगा। विश्वविद्यालय केछात्रों को उनकी पढ़ाई और उनके चुने हुए प्रयासों में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए मैं अपनी शुभकामनाएं देता हूं।'

इस मौके पर विश्वविद्यालय के कुलपति सेवानिवृत मेजर जनरल (डॉ.) अतुल वाजपेयी और कुलसचिव डॉ. प्रदीप राव ने अतिथियों का स्वागत किया।

## विश्वविद्यालयी वार्षिक परीक्षा





दिनांकः **24 जुलाई, 2023** को गुरू गोरक्षनाथ इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस (आयुर्वेद संकाय) के बीएएमएस सत्र–2021–22 की प्रथम व्यावसायिक सत्र एवं बीएससी नर्सिंग की परीक्षा शुरू हुई। यह परीक्षा महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर द्वारा संचालित की जा रही है।

परीक्षा नियंत्रक श्री अमित सिंह एवं परीक्षा केंद्र अधीक्षक डॉ. डी. एस. अजिथा नेतृत्व में बीएएमएस परीक्षा पूरी पारदर्शिता के साथ परीक्षा केंद्र गुरू श्री गोरक्षनाथ कॉलेज ऑफ नर्सिंग मे करायी जा रही है।

परीक्षा के दौरान विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति मेजर जनरल (डॉ.) अतुल वाजपेई और माननीय कुलसचिव डॉ. प्रदीप कुमार राव ने जाकर परीक्षा केंद्र का निरीक्षण किया।

बीएएमएस एवं बीएससी नर्सिंग की यह परीक्षा दिनांक 24.7.23 से 11.8.23 तक चलेगी।



## चर्चा एवं संवाद (गुरू गोरक्षनाथ इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल सांइसेस)

दिनांकः **29 जुलाई, 2023** महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति मेजर जनरल (डॉ.) अतुल वाजपेयी जी ने गुरू गोरक्षनाथ इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइसेस (आयुर्वेद कॉलेज) के बैच 2022–2023 के बीएएमएस विद्यार्थियों के साथ ह्युमन फिजीयोलॉजी के अंतर्गत चिकित्सा उपयोगी विषयों पर चर्चा की एवं उसकी उपयोगिता समझाते हुए विद्यार्थियों के साथ संवाद किया।

इस दौरान क्रिया शारीर की विभागाध्यक्ष डॉ. पियूष वर्षा एवं सहायक प्रोफेसर डॉ. प्रिया एस. आर. नायर उपस्थित रहीं।



## बीएएमएस प्रथम वर्ष पाठ्यक्रम : बैठक - (गुरू गोरक्षनाथ इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल सांइसेस)

दिनांकः 29 जुलाई, 2023 महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर के अन्तर्गत संचालित गुरु गोरक्षनाथ इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस (आयुर्वेद कॉलेज) में विश्वविद्यालय के कुलपति मेजर जनरल (डॉ.) अतुल वाजपेयी जी की अध्यक्षता में बीएएमएस प्रथम वर्ष के पाठ्यक्रम से संबंधित बैठक आयोजित की गई।

इस बैठक में बीएएमएस प्रथम वर्ष के क्रिया शारीर, संहिता सिद्धान्त, संस्कृत एवं रचना विभाग के विभागाध्यक्षों ने टर्म टू के लिए पाठ योजना प्रस्तुत की। विश्वविद्यालय के माननीय कुलसचिव डॉ. प्रदीप राव ने पाठ योजना पर शिक्षकों के साथ विचार–विमर्श करते हुए कहा कि पाठ योजना बनाने का सबसे बड़ा फायदा है कि पाठ विषय को संगठित एवं व्यवस्थित कर विद्यार्थियों को उनकी शैक्षिक उद्देश्यों को प्राप्त करने में मदद करता है। माननीय कुलपति जी ने कहा कि पाठ योजना बना लेने से अध्यापन का एक अलग ही आनन्द होता है। शिक्षण की सफलता का मूल्यांकन करने के लिए भी पाठ्य योजना की आवश्यकता है। अतः सभी शिक्षक अपने विषय के पाठयोजना को नियोजित कर 31 जुलाई तक प्रस्तुत करें।

## बीएएमएस प्रथम वर्ष पाठ्यक्रम : बैठक - (गुरू गोरक्षनाथ इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल सांइसेस)



दिनांकः 31 जुलाई, 2023 महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर के अन्तर्गत संचालित गुरु गोरक्षनाथ इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस (आयुर्वेद कॉलेज) में विश्वविद्यालय के माननीय कुलसचिव डॉ. प्रदीप राव जी की अध्यक्षता में 29 जुलाई, 2023 की बैठक के क्रम में पाठयोजना पर बीएएमएस प्रथम एवं द्वितीय वर्ष के शिक्षकों ने अपने–अपने विषय की पाठयोजना कुलसचिव महोदय के समक्ष प्रस्तुत की।

माननीय कुलसचिव महोदय ने शिक्षकों से पाठ्यक्रमों से संबंधित जानकारी लेते हुए सूक्ष्मदर्शिता के साथ अध्ययन किया एवं शिक्षकों को निर्देशित किया कि पाठ्य वस्तु को सीमित कर विद्यार्थियों को सामने प्रस्तुत करने के लिए पाठ योजना बनाना आवश्यक होता है।

अभी पाठयोजना में सुधार करने की आवश्यकता है। सभी दृष्टिकोणों पर विचार कर और गहन अध्ययन कर पाठयोजना बनाए जो सभी उद्देश्यों की पूर्ति कर सके।

## शवविच्छेदन प्रायोगिक शिक्षण : (गुरू गोरक्षनाथ इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल सांइसेस)

दिनांकः 31 जुलाई 2023 को महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर के अन्तर्गत संचालित गुरु गोरक्षनाथ इंस्टिट्यूट आफ मेडिकल साइंसेस, (आयुर्वेद कॉलेज) के सत्र 2022–23 के बीएएमएस प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों को रचना शरीर विभाग के द्वारा अध्ययन अध्यापन में सम्मलित शवविच्छेदन प्रायोगिक शिक्षण का प्रारम्भ करते हुए विद्यार्थियों को कैडावरीक ओथ (शव की शपथ) दिलाया गया। जिसमें रचना शरीर विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. मिनी के. वी. ने विद्यार्थियों को आयुर्वेद में शुश्रुत




द्वारा प्रतिपादित शवविच्छेदन कर्म एवं महत्व को बताते हुए विद्यार्थियों को शव की शपथ दिलाया। इस कार्यक्रम में आयुर्वेद कॉलेज के प्राचार्य डॉ. मंजूनाथ एन.एस. ने विद्यार्थियों के मनोबल बढ़ाते हुए देहदान के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए डॉ. जशोबन्त डनसना ने विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि समाज के नागरिक अपना किसी भी चिकित्सकीय संस्था को अपना देहदान करते है तो उनकी विशेष भावनायें जुड़ी रहती है कि उनके शरीर का चिकित्सकीय कार्य सीखने के लिए सम्मानपूर्वक प्रयोग किया जाये। उनके भावनाओं को सम्मान करते हुये हम शिक्षकों और विद्यार्थियों को शरीर पर चिकित्सकीय कार्य सीखने के लिए गुरू के तरह आदर देना चाहिए। आचार्य सुश्रुत ने अपने सुश्रुत संहिता में विशेष रूप से उल्लेख किया है।

आभार ज्ञापन बीएएमएस की छात्रा शीतल त्रिपाठी द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में आयुर्वेद कॉलेज के प्राचार्य मंजूनाथ एन. एस. समेत विद्यार्थी व शिक्षकगण उपस्थित रहें।

# जुलाई माह की प्रमुख बैठकें



01 जुलाई, 2023

माँ पाटेश्वरी छात्रावास समूह की बैठक।

11 जुलाई, 2023

विश्वविद्यालय के शिक्षकों एवं कर्मचारियों के वेतन पुनरीक्षण हेतु समिति का गठन।





18 जुलाई, 2023

शैक्षणिक गतिविधियों एवं शैक्षणिक कैलेण्डर पर विचार विमर्श।

24 जुलाई, 2023

गुरू गोरक्षनाथ कॉलेज ऑफ नर्सिंग में नए सत्र–2023–24 के वार्षिक अकादमिक योजना पर विचार विमर्श।





24 जुलाई, 2023

पैरामेडिकल कॉलेज में कक्ष संचालन, अव्यवस्थापन सम्बधित सुविधाओं के संदर्भ में बैठक।

24 जुलाई, 2023

छात्रसंघ नियमावली के संदर्भ में बैठक।



27 जुलाई, 2023

नर्सिंग कॉलेज में पुस्तकालय को दो पालियों में संचालित करने योजना के संदर्भ में बैठक

27 जुलाई, 2023

छात्रसंघ के गठन एवं संविधान का प्रस्तुतिकरण कर संविधान पर निर्णय लिया गया।

28 जुलाई, 2023

नर्सिंग कॉलेज में सत्र 2023–2024 के शैक्षणिक गतिविधियों की कार्ययोजना पर विचार

# अगस्त माह की प्रस्तावित कार्ययोजना

## विश्वविद्यालय

| | |
|---|---|
| 01 से 05 अगस्त, 2023 | कृषि विज्ञान एवं सम्बद्ध उद्योग संकाय के शैक्षिक पदों पर चयन हेतु चयन समिति की बैठक। |
| 10 अगस्त, 2023 | वार्षिक परीक्षाफल घोषणा। |
| 13 अगस्त, 2023 | कार्यपरिषद की बैठक। |
| 15 अगस्त, 2023 | 76वाँ स्वतंत्रता दिवस समारोह। |
| 28 अगस्त, 2023 | तृतीय स्थापना दिवस समारोह। |

## विभागीय आयोजन

### गुरु गोरक्षनाथ इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस

| | |
|---|---|
| 11 अगस्त, 2023 | सत्र–2021–2022 में बीएएमएस की प्रायोगिक परीक्षाएं प्रारम्भ। |
| 27 अगस्त, 2023 | संस्कृत सप्ताह (प्रथम दिवस) |
| 28 अगस्त, 2023 | संस्कृत सप्ताह (द्वितीय दिवस) |
| 29 अगस्त, 2023 | संस्कृत सप्ताह (तृतीय दिवस) |

### सम्बद्ध स्वास्थ्य विज्ञान संकाय

| | |
|---|---|
| 01 से 12 अगस्त, 2023 | तृतीय समेस्टर सत्र–2023–24 पंजीकरण एवं प्रवेश प्रक्रिया। |
| 2 अगस्त, 2023 | तृतीय समेस्टर सत्र–2023–24 प्रारंभ। |
| 01 से 08 अगस्त, 2023 | नवप्रवेशित विद्यार्थियों हेतु दीक्षारंभ कार्यक्रम। |
| 20 से 25 अगस्त, 2023 | विशेष व्याख्यान। |

### कृषि विज्ञान एवं सम्बद्ध उद्योग संकाय

| | |
|---|---|
| 01 से 08 अगस्त, 2023 | नवप्रवेशित विद्यार्थियों हेतु दीक्षारंभ कार्यक्रम। |
| 01 से 10 अगस्त, 2023 | पंजीकरण एवं प्रवेश प्रक्रिया सत्र–2023–24। |

### महंत अवेद्यनाथ पैरामेडिकल कॉलेज

| | |
|---|---|
| 01 से 07 अगस्त, 2023 | नवप्रवेशित विद्यार्थियों हेतु दीक्षारंभ कार्यक्रम। |

# अगस्त माह की प्रस्तावित कार्ययोजना

## राष्ट्रीय सेवा योजना

| | |
|---|---|
| 08 अगस्त, 2023 | भारत छोड़ो आंदोलन |
| 09 अगस्त, 2023 | काकोरी दिवस |
| 10 अगस्त, 2023 | मदन लाल धीगरा दिवस |
| 12 अगस्त, 2023 | अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस |
| 20 अगस्त, 2023 | सद्भावना दिवस |
| 29 अगस्त, 2023 | फिट दिवस/मेजर ध्यानचंद जन्मदिवस/राष्ट्रीय खेल दिवस |

## गुरू श्री गोरक्षनाथ कॉलेज ऑफ नर्सिंग

| | |
|---|---|
| 01 से 07 अगस्त, 2023 | नवप्रवेशित विद्यार्थियों हेतु दीक्षारंभ कार्यक्रम। |



# समाचार दर्पण

## चिकित्सक के लिए देश व जनता प्रथम : डॉ नीरज

### गुरु श्री गोरक्षनाथ इंस्टिट्यूट आफ मेडिकल साइंसेज में राष्ट्रीय चिकित्सा दिवस पर संगोष्ठी का आयोजन

गोरखपुर। महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित गुरु श्री गोरक्षनाथ इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (आयुर्वेद कॉलेज) में शनिवार को राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस के अवसर पर सभी शिक्षकों, चिकित्सको के बीच कार्यवाहक प्राचार्य डॉ नवीन के. के नेतृत्व में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में बाल रोग विशेषज्ञ डॉ नीरज ने चिकित्सा दिवस के इतिहास पर प्रकाश डालते हुए कहा कि कहा कि चिकित्सक समर्पित भावना से बिना रुके, बिना थके समाज की सेवा करते हैं। कोरोना संकट के के दौरान डॉक्टरों और कर्मचारियों ने लगातार काम करते हुए, अपने और अपने परिवार के जीवन को भी खतरे में डालकर अनेकानेक लोगों की जान बचाई। अपने बारे में सोचने की बजाय उन्होंने देश और देश की जनता को को पहले रखा। इस अवसर पर सभी चिकित्सकों को राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस की शुभकामनाएं देते हुए आयुर्वेद कॉलेज के कार्यवाहक प्राचार्य डॉ नवीन ने कहा कि



डॉक्टर समाज के बहुत महत्वपूर्ण सदस्य हैं। वे वास्तव में बीमारी और खराब स्वास्थ्य के सामने एकमात्र रक्षक हैं। समाज को बीमारियों और दुखों से मुक्त रखने में उनके प्रयास को स्वीकार किया जाना चाहिए। सदियों से, डॉक्टरों ने अपनी क्षमताओं में समाज की सेवा की है और इसे स्वस्थ और खुश रखने में मदद की है। राष्ट्रीय डॉक्टर दिवस उन डॉक्टरों को धन्यवाद देने का दिन है।

## वृक्षों के संरक्षण व संवर्धन का लिया संकल्प

गोरखपुर (एसएनबी)। महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय आरोग्यधाम में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में वन महोत्सव सप्ताह का शुभारम्भ वृक्षों के संरक्षण व संवर्धन के संकल्प के साथ हुआ। वन्यजीवों की रक्षा करने, प्लास्टिक का प्रयोग न करने व अपने गांव-नगर को स्वच्छ रखने का सबने वचन दिया।

**महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय में वन महोत्सव सप्ताह का शुभारंभ**

वन महोत्सव सप्ताह की शुरुआत गुरु श्री गोरक्षनाथ इंस्टीच्यूट आफ मेडिकल साइंसेज (आयुर्वेद कालेज) के कार्यवाहक प्राचार्य डा. नवीन कुमार के एवं कृषि विज्ञान एवं सम्बद्ध उद्योग संकाय के अधिष्ठाता डा. विमल दूबे ने सरस्वती पूजन एवं दीप प्रजवलित कर की। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम समन्वयक डा. अखिलेश कुमार दूबे ने वन महोत्सव की उत्पत्ति से सभी को अवगत कराते हुए कहा कि यूं तो हम बहुत से त्योहार मनाते हैं लेकिन जब बात आती है पृथ्वी को बचाने तो ऐसे त्योहारों की संख्या बहुत कम है। वन महोत्सव एक बहुत ही महत्वपूर्ण त्योहार है। इसे जीवन का त्योहार कहना गलत न होगा क्योंकि ये न केवल मानव के लिये बल्कि पूरी पृथ्वी के लिये भी बहुत आवश्यक है? कार्यक्रम के दौरान स्वंयसेवक सुश्री अंजली ने सभी को वनों के संरक्षण एवं वृद्धि के लिए शपथ दिलाई। कार्यक्रम में डा. विनम्र शर्मा, डा. प्रज्ञा सिंह, डा. पवन कन्नोजिया, डा. हरिकृष्ण, डा. विकास यादव, डा. आयुष पाठक, डा. अनुपमा ओझा, सुश्री प्रियांशी, सुश्री प्रभा, श्रीमती प्रज्ञा पाण्डेय, सुश्री सृष्टि यदुवंशी एवं छात्र मौजूद रहे। अंत में धन्यवाद ज्ञापन सावीनन्दन पाण्डेय ने किया।



महायोगी गोरखनाथ विवि, आरोग्यधाम में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में वृक्षों के संरक्षण व संवर्धन के साथ वन महोत्सव का शुभारम्भ।

## हरियाली से समृद्ध हुआ महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय

गोरखपुर। वन महोत्सव के अंतर्गत शनिवार को प्रदेश में एक दिन में 30 करोड़ और कुल 35 करोड़ पौधरोपण के लक्ष्य में अपनी भागीदारी निभाते हुए महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर ने नंदन वन विकसित करने के साथ ही सभी संचालित संस्थानों के परिसरों को हरियाली से समृद्ध किया।



पौधरोपण कार्यक्रम का शुभारंभ प्रात:काल प्रार्थना सभा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा दिए गये संदेश का विद्यार्थियों को वाचन कराकर किया गया। इसके उपरांत कुलपति मेजर जनरल डॉ. अतुल वाजपेयी, कुलसचिव, डॉ. प्रदीप कुमार राव ने विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित डॉ. शनमुगा सुंदरम एमके, प्रमुख सचिव, व्यावसायिक शिक्षा एवं नोडल अधिकारी पौधरोपण, विकास यादव, डीएफओ, डॉ. हरेंद्र सिंह एसडीओ, डीके चौरसिया वन क्षेत्रपाल, राजमणि डीसी मनरेगा के साथ पौधरोपण किया। इसी क्रम में विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित गुरु श्री गोरक्षनाथ कॉलेज ऑफ नर्सिंग में एक व्यक्ति–एक वृक्ष स्लोगन के साथ नानक चंद्र सुमन (एसोसिएट प्रोफेसर) गवर्मेंट कॉलेज ऑफ नर्सिंग (बीआरडी, मेडिकल कॉलेज) एवं डॉ. डी.एस. अजीथा, प्राचार्या गुरु श्री गोरक्षनाथ कॉलेज ऑफ नर्सिंग के नेतृत्व मे समस्त विद्यार्थियों ने पौधरोपण किया। कृषि विज्ञान एवं संबद्ध उद्योग संकाय के शिक्षकों व विद्यार्थियों ने वृहद पौधरोपण कार्यक्रम के अवसर पर विश्वविद्यालय परिक्षेत्र में आम के पौधे लगाकर इस जन आन्दोलन में अपनी सहभागिता दी और भविष्य में इन रोपित पौधों की देखभाल की शपथ ली। कार्यक्रम में समस्त प्राचार्य, अधिष्ठाता, प्राध्यापक एव कर्मचारी ने मनोयोग के साथ हिस्सा लिया। इस मौके पर विश्वविद्यालय के कुलपति मेजर जनरल (डॉ) अतुल वाजपेयी और कुलसचिव डॉ. प्रदीप कुमार राव ने अतिथियों का स्वागत किया।

## गोरखनाथ विवि में विकसित होगा नंदन वन

**तैयारी**

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। वन महोत्सव के अंतर्गत शनिवार को महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय ने नंदन वन विकसित करने के साथ ही सभी संचालित संस्थानों के परिसरों को हरियाली से समृद्ध किया।

शुभारंभ प्रातःकाल प्रार्थना सभा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के संदेश का विद्यार्थियों को वाचन कराकर किया गया। इसके बाद कुलपति मेजर जनरल डॉ. अतुल वाजपेयी, कुलसचिव, डॉ. प्रदीप कुमार राव ने मुख्य अतिथि डॉ. एस. सुंदरम, प्रमुख सचिव, व्यावसायिक शिक्षा एवं नोडल अधिकारी पौधरोपण, विकास यादव, डीएफओ, डॉ हरेंद्र सिंह एसडीओ, डीके चौरसिया वन क्षेत्रपाल, राजमणि डीसी मनरेगा के साथ पौधरोपण किया।

इसी क्रम में विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित गुरु श्री गोरक्षनाथ कॉलेज ऑफ नर्सिंग में एक व्यक्ति एक वृक्ष का नारा लगाया गया। इस दौरान बीआरडी मेडिकल कॉलेज के गवर्मेंट कॉलेज ऑफ नर्सिंग के एसोसिएट प्रो. नानक चंद्र सुमन एवं गुरु श्री गोरक्षनाथ कॉलेज ऑफ नर्सिंग की प्राचार्या डॉ. डीएस अजीथा के नेतृत्व मे समस्त विद्यार्थियों ने पौधरोपण किया।



- नंदन वन विकसित करने में भागीदारी निभाने पहुंचे प्रमुख सचिव व्यावसायिक शिक्षा
- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के संदेश का वाचन कर विद्यार्थियों को सुनाया गया

वन महोत्सव के अंतर्गत शनिवार को महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय में पौधरोपण किया गया।

### विश्वविद्यालय की व्यवस्था से अभिभूत हुए प्रमुख सचिव

पौधरोपण कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए प्रमुख सचिव व्यावसायिक शिक्षा डॉ. एस. सुंदरम विश्वविद्यालय की व्यवस्था से अभिभूत दिखे। उन्होंने विजिटर रजिस्टर में लिखा कि इस प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय के पौधरोपण कार्यक्रम में हिस्सा लेना मेरा सौभाग्य है। विश्वविद्यालय में नंदन वन के अपनी तरह की अनूठी हरी छतरी के रूप में विकसित होने के लिए मैं अपनी शुभकामनाएं देता हूं। इस तथ्य को देखते हुए कि एक नंदन वन, एक आयुष वैन और वेटलैंड जल्द ही आने वाले हैं, मुझे यकीन है विश्वविद्यालय कैंपस जल्द ही एक हरित परिसर के रूप में विकसित होगा।

## महायोगी गोरखनाथ विवि में कृषक कृषि विशेषज्ञ संवाद आयोजित





लोक भारती न्यूज ब्यूरो

गोरखपुर। महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित कृषि विज्ञान एवं संबद्ध उद्योग संकाय के तत्वावधान में %धान की खेती- समस्यायें एवं समाधान विषय पर कृषक-कृषि विशेषज्ञ संवाद% का आयोजन किया गया।

संवाद कार्यक्रम में अध्यक्षीय उद्बोधन देते हुए महयोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय के कुलपति मेजर इस विश्वविद्यालय में कृषि संकाय की परिकल्पना में यह मूलभूत बातों में शामिल है। संकाय का लक्ष्य शिक्षा के साथ कृषि एवं कृषकों का उत्थान भी है।

विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित महायोगी गुरु गोरखनाथ आयुष विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो एके सिंह ने कहा कि धान की खेती में नवीन प्रयोग होते रहने चाहिए ताकि अधिक उत्पादन और किसानों की आय में वृद्धि हो। तीर्थंकर विश्वविद्यालय, मुरादाबाद के कृषि विभाग के सह आचार्य डॉ सच्चिदानन्द सिंह ने धान की फसल में पोषक तत्वों के प्रबंधन के महत्व एवं जैविक विधि से बनने वाले खाद के बारे में विस्तृत जानकारी दी। जबकि कृषि विज्ञान संकाय के सह आचार्य डॉ विकास कुमार यादव ने धान में लगने वाले प्रमुख रोगों एवं उनके प्रबंधन, डॉ हरी कृष्ण ने धान में लगने वाले प्रमुख कीटों एवं उनके प्रबंधन तथा डॉ आयुष वर्णित किया।

संवाद कार्यक्रम में बालापार, सोनबरसा, बैजनाथपुर और सिक्टौर के कृषकों ने बढ़चढ़कर भाग लिया तथा कृषि एवं धान से सम्बन्धित अपने-अपने विचारों को व्यक्त करते हुए कृषि विशेषज्ञों से विस्तृत चर्चा की। कृषि विज्ञान संकाय के अधिष्ठाता डॉ विमल कुमार दूबे के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम का संचालन खुशी गप्ता एवं रितिका द्विवेदी तथा आभार

## वृक्षों के संरक्षण की संस्कृति से जुड़ना समय की मांग: डॉ वाजपेयी

सत्य संगम संवाददाता

**गोरखपुर।** वन महोत्सव एवं पर्यावरण जागरूकता सप्ताह के अंतर्गत महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय, आरोग्यधाम गोरखपुर में विश्वविद्यालय और वन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में वृहद पौधारोपण अभियान चलाया गया। अभियान का शुभारंभ विश्वविद्यालय के कुलपति मेजर जनरल डॉ अतुल वाजपेयी, कुलसचिव डॉ प्रदीप कुमार राव एवं प्रभागीय वनाधिकारी विकास यादव ने पौधा रोपकर किया। इस अवसर पर कुलपति डॉ वाजपेयी ने कहा कि पर्यावरण पर आसन्न संकट से उबरने के लिए हम सबको वृक्षों के संरक्षण की अपनी पुरातन संस्कृति से एक बार फिर



सबके सामने है। उन्होंने कहा कि पर्यावरण को बचाने के लिए सभी लोगों को अधिकाधिक पौधरोपण और उनके संरक्षण का संकल्प लेना होगा। पौधरोपण अभियान चलाने के लिए महायोगी गोरखनाथ होगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में उत्तर प्रदेश प्रतिवर्ष पौधरोपण में नए कीर्तिमान बना रहा है।

इससे प्रदेश के वनावरण में काफी वृद्धि हुई है।

**वन महोत्सव के अंतर्गत महायोगी गोरखनाथ विवि में वृहद पौधरोपण अभियान**

**मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में यूपी बना रहा पौधरोपण का कीर्तिमान : विकास यादव**

**क्लीन-ग्रीन कैम्पस की राह पर महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय : डॉ प्रदीप राव**

सरोकारों को निभाने के लिए संकल्पित है। %क्लीन-ग्रीन कैम्पस% की राह पर आगे बढ़ते हुए विश्वविद्यालय में 5500 पौधारोपण का लक्ष्य रखा गया है। पौधे वन विभाग द्वारा उपलब्ध कराए जा रहे हैं। पौधरोपण अभियान में विश्वविद्यालय के शिक्षकों, अधिकारियों, कर्मचारियों के साथ ही

## पौधरोपण के साथ शुरू हुआ राष्ट्रीय चिकित्सा प्रयोगशाला विशेषज्ञ सप्ताह

**महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित मंहत अवेद्यनाथ पैरामेडिकल कॉलेज ने किया आयोजन**

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर के अंतर्गत संचालित मंहत अवेद्यनाथ पैरामेडिकल कॉलेज में 23जुलाई तक चलने वाले राष्ट्रीय चिकित्सा प्रयोगशाला विशेषज्ञ सप्ताह का शुभारंभ पौधरोपण के साथ हुआ। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति मेजर जनरल डॉ अतुल वाजपेयी, मुख्यमंत्री के सलाहकार एवं भारत सरकार के पूर्व औषधि महानियंत्रक डॉ जीएन सिंह, विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ प्रदीप कुमार राव एवं गुरु श्री गोरक्षनाथ कॉलेज ऑफ नर्सिंग की प्राचार्य डॉ डीएस अजीथा ने शिक्षण संस्थान के परिसर में पौधा लगाया। तत्पश्चात विद्वतजन में राष्ट्रीय चिकित्सा प्रयोगशाला विशेषज्ञ सप्ताह के विषय वस्तु पर चर्चा की। भारत सरकार के पूर्व औषधि महानियंत्रक डॉ जीएन सिंह ने कहा कि वर्तमान चिकित्सा प्रणाली में प्रयोगशाला विशेषज्ञ की महत्वपूर्ण भूमिका है। इस दृष्टि से पैरामेडिकल की इस स्ट्रीम में भविष्य संवारने के अनेक अवसर हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए मंहत अवेद्यनाथ पैरामेडिकल कॉलेज के विभागाध्यक्ष रोहित कुमार श्रीवास्तव ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में पैरामेडिकल के छात्र व छात्राओं ने पूर्ण मनोयोग के साथ प्रतिभाग कर पौधारोपण किया। आयोजन में कुंवर अभिनव प्रताप सिंह राठौड़, सुप्रिया गुप्ता, शुभम कुमार मौर्य व सागर गुप्ता की सक्रिय सहभागिता रही।



## पैरामेडिकल के विद्यार्थियों ने प्रस्तुत किए पोस्टर



नगर संवाददाता/ गोरखपुर। महायोगी गोरक्षनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर के अंतर्गत संचालित मंहत अवेद्यनाथ पैरामेडिकल कॉलेज में मनाए जा रहे राष्ट्रीय चिकित्सा प्रयोगशाला विशेषज्ञ सप्ताह के दूसरे दिन मंगलवार को पोस्टर प्रस्तुति का आयोजन किया गया। पैरामेडिकल कॉलेज के विभागाध्यक्ष रोहित कुमार श्रीवास्तव के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में पैरामेडिकल के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग कर पोस्टर प्रस्तुत किए। आयोजन में कुंवर अभिनव प्रताप सिंह राठौड़, सुप्रिया गुप्ता, शुभम कुमार मौर्य व सागर गुप्ता का सराहनीय योगदान रहा।



## बीएएमएस की परीक्षा शुरू

स्वतंत्र भारत संवाददाता

**गोरखपुर।** महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित गुरु श्री गोरक्षनाथ इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस (आयुर्वेद कॉलेज) के बीएएमएस सत्र 2021-22 की प्रथम व्यावसायिक सत्र की परीक्षा सोमवार से शुरू हुई।

परीक्षा नियंत्रक अमित सिंह एवं परीक्षा केंद्र अधीक्षक डॉ डीएस अजीथा की देखरेख में बीएएमएस की परीक्षा पूरी पारदर्शिता के साथ परीक्षा केंद्र गुरु श्री गोरक्षनाथ कॉलेज ऑफ नर्सिंग मे करायी जा रही है। परीक्षा के पहले दिन औचक महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय के कुलपति मेजर जनरल डॉ अतुल वाजपेयी व कुलसचिव डॉ प्रदीप कुमार राव ने परीक्षा केंद्र का निरीक्षण किया और हर हाल में परीक्षा की शुचिता बरकरार रखने के निर्देश दिए। परीक्षा 11 अगस्त तक चलेगी।

# निर्माणाधीन परिसर







# महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर




## सम्पादक

प्रभा शर्मा

## संपादक मण्डल

डॉ. प्रज्ञा सिंह, डॉ. अनुपमा ओझा, डॉ. कुलदीप सिंह, डॉ. अखिलेश कुमार दूबे, अनामिका जायसवाल


mguniversitygkp@mgug.ac.in
https://www.mgug.ac.in/
+91-9415266014, +91-9935904499, +91-9794299451
Arogya Dham, Balapar Road, Sonbarsa, Gorakhpur